दैनिक जागरण 23/04/2024

भाषण स्पर्धा में एमकाम प्रीवियस की निशा प्रथम

जागरण संवाददाता • अंबाला गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में कानूनी साक्षरता सेल के द्वारा विभिन्न विषयों पर कालेज स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न विषयों डिबेट, डिक्लेमेशन, स्लोगन राइटिंग आन द स्पाट पेंटिंग, कविता पाठ, क्विज, निबंध लेखन, पीपीटी, डाक्यूमेंट्री, स्किट आदि शामिल रहे। प्रतियोगिता विभिन्न विषयों जैसे मानवाधिकार मौलिक कर्तव्य, दिव्यांग व्यक्ति के अधिकार, सूचना का अधिकार एवं यौन उत्पीड़न, बाल विवाह, रैगिंग, मादक पदार्थ आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित थी। कार्यक्रम के संयोजक एवं लीगल लिटरेसी सेल के प्रभारी डा. सुरेंद्र कुंडू ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी मुद्दों के बारे में जागरूक करना रहा ताकि वह अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और समाज में कानूनी उपायों के प्रति सक्रिय रूप से योगदान दे सके।

यह रहे प्रतियोगिता के परिणाम

- डिबेट में एमकाम फाइनल की पूजा एवं बेबी प्रथम, बीबीए सेकेंड ईयर की गुंजन व सिमरनजीत द्वितीय तथा एमकाम फाइनल ईयर से शगुन एवं आंचल रहे तृतीय रहे
- भाषण प्रतियोगिता में एमकाम प्रीवियस की निशा सिंह अत्री ने प्रथम, एमकाम फाइनल की पूजा ने द्वितीय, बीबीए सेकेंड ईयर की छात्रा सेजल ने तृतीय स्थान हासिल किया
- स्लोगन राइटिंग में एमकाम प्रीवियस ईयर की निशा अत्री ने प्रथम, एमकाम प्रीवियस ईयर की शैफाली ने द्वितीय, बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र तरुण सेठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया
- आन द स्पाट पेंटिंग में एमकाम फाइनल ईयर के सुनील ने प्रथम स्थान, एमकाम प्रीवियस के छात्र रूपल ने दूसरा व बीकाम तृतीय वर्ष की सुनैना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया
- निबंध लेखन प्रतियोगिता मे एमकाम प्रीवियस ईयर की रूपल प्रथम, बीबीए द्वितीय वर्ष की श्रिया दूसरे, बीकाम तृतीय वर्ष की संजना ने तृतीय स्थान हासिल किया
- क्विज प्रतियोगिता में बीबीए तृतीय वर्ष के ध्रुव चौधरी, सुहानी और खुश दिल ने प्रथम, बीकाम द्वितीय वर्ष के गौरव भारद्वाज, निष्ठा एवं पार्थ ने दूसरा तथा बीकाम फर्स्ट ईयर की अनीशा, एकता और प्रीति ने तीसरा स्थान हासिल किया
- पीपीटी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जसमीत कौर एमकाम प्रीवियस ईयर, द्वितीय स्थान गुनीत कौर बीकाम फाइनल ईयर एवं तृतीय स्थान पर प्रीति कौर एमकाम फाइनल ईयर ने हासिल किया
- डाक्यूमेंट्री फिल्म में एमकाम प्रीवियस ईयर के अंकुश ने पहला, बीबीए फर्स्ट ईयर की पलक ने दूसरा और अश्विनीत बीबीए फर्स्ट ईयर ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- कविता पाठ प्रतियोगिता में गौरव भारद्वाज बीकाम सेकेंड ईयर प्रथम, एमकाम फाइनल ईयर की साक्षी ने दूसरा और एमकाम प्रीवियस ईयर की पारुल तृतीय स्थान पर रहीं।